**Full Title of the Project- Diversion of Forest land of Block A and B Paharpur Tehsil- Roopwas, Dist. Bharatpur**

**Proposal** No. : FP/RJ/MIN/125714/2021

Date of Proposal : 05.03.2021

Applied Forest Area : 398.0085 Hectare

## PROJECT REPORT

बंध बारैठा वन्य जीव अभ्यारण्य तहसील बयाना एवं रूपवास जिला भरतपुर के अन्तर्गत है। जिसका क्षेत्र लगभग 200 वर्ग किमी. है। वन्य जीव अभ्यारण्य की अधिसूचना दिनांक 05.10.1985 से जारी की गई। पहाडपुर वन क्षेत्र के ब्लॉक ए व बी, जिनका कुल क्षेत्र लगभग 646.56 हैक्टेयर है जो कि भरतपुर जिला मुख्यालय से लगभग 50 किमी. दूरी पर है।

पहाडपुर वन क्षेत्र एवं बंध बारैठा वन्य जीव अभ्यारण्य क्षेत्र में खनिज सैण्डस्टोन के खनन पट्टे स्वीकृत खनन पट्टों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 12.12.1996 से वन क्षेत्र में वन अधिनियम की धारा 2 के तहत बिना डायवर्जन गैरवानिकी कार्य प्रतिबधिंत किये जाने से उक्त क्षेत्र मे खनन पट्टे बंद/खण्डित हो गये।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तमन मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसचूना दिनांक 16.12.2018 से बंध बारैठा वन्य जीव अभ्यारण्य का ईको सेंन्सिटिव जोन (ESZ) 25 मीटर से 1 किमी. अधिसूचित किया गया।

पहाडपुर वन क्षेत्र के ब्लॉक ए व बी, जिनका कुल क्षेत्र 398.0085 हैक्टेयर है, में खनिज सैण्डस्टोन उच्च गुणवत्ता एवं प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। पहाडपुरक्षेत्र में पिंक/रेड देश के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माणाधीन मन्दिर एवं भवनों में अत्यधिक मांग है। उक्त क्षेत्र से निकलने वाले खनिज सैण्डस्टोन का उपयोग ऐतिहासिक इमारतों जैसे राष्ट्रपति भवन, लाल किला आगरा एवं दिल्ली, विधानसभा जयपुर, अक्षरधाम मन्दिर दिल्ली आदि में हुआ है। पहाडपुरक्षेत्र में उपलब्ध खनिज सैण्डस्टोन का अपरदन नहीं होने के साथ-साथ पानी को को समाहित नहीं करने के गुण के कारण अत्यधिक मांग रहती है। उक्त क्षेत्र के आस-पास रोजगार के अन्य संसाधन नही होने से स्थानीय व्यक्तियों का मुख्य व्यवसाय मजदूरी एवं कृषि कार्य है। पूर्व में खनन चालू रहने पर स्थानीय व्यक्ति खानों में काम किया करते थे।

पहाडपुर वन क्षेत्र के ब्लॉक ए व बी में खनिज सैण्डस्टोन सतही स्तर पर उपलब्ध है। खनिज सैण्डस्टोन का अनुमानित भण्डार निम्नानुसार है–

| | Area (Sq.Mt.) | Depth (Mt.) | Sp. Gravity | Tentative Geological Reserves (Million Tonnes) |
|---|---|---|---|---|
| Block-A | 2255000 | 60 | 2.5 | 338.25 |
| Block-B | 4318000 | 100 | 2.5 | 1079.5 |

पहाडपुर क्षेत्र के ब्लॉक ए एवं बी को वन क्षेत्र से गैर वन क्षेत्र घोषित किया जाता है तो खनिज की आपूर्ती होगी। उक्त क्षेत्र पूर्व का ही एक्सकेवेटेड / Broken up है। राज्य सरकार को राजस्व लगभग 100 करोड वार्षिक प्राप्त हो सकेगा। साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 6,000 स्थानीय व्यक्तियों के साथ–साथ अन्य व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा।

स्थानः रूपवास
दिनांक 12.04.2021

Assistant Mining Engineer,
Roopwas Distt. Bharatpur

सहायक खनि अभियन्ता
खान एवं भू–विज्ञान विभाग
रूपवास (भरतपुर)